हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर 2025

04 शीतलहर जारी, पारा 6.6 डिग्री पर पश्चिमी...



07 गोवंश को बचाने सड़क पर उतरी कांग्रेस...





# विधायक सुदेश राय बोले: शहर के हर घर में 'नर्मदा जल पहुंचाना ही मिशन', 3 साल का बताया डवलपमेंट प्लान

**सीहोर।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार के दो साल पूरे होने के साथ ही सीहोर विधानसभा की कमान संभाल रहे विधायक सुदेश राय ने अपनी विधायकी के तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष भी पूरे कर लिए हैं। निर्दलीय से लेकर भाजपा तक 12 साल के लंबे राजनीतिक सफर में सीहोर को 6000 करोड़ रुपये की सौगातें देने वाले विधायक सुदेश राय ने खास बातचीत में अपने अगले तीन साल का 'विजन कार्ड' सामने रखा है।

उन्होंने साफ कहा कि विधानसभा क्षेत्र के अंचल में पानी की व्यवस्था की जा चुकी है, अब उनका एकमात्र लक्ष्य सीहोर शहर के हर घर तक मां नर्मदा का पवित्र जल पहुंचाना है। उन्होंने युवाओं के लिए पलायन रोकने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए बड़े औद्योगिक घरानों को लाने की बात भी कही। इसके साथ ही उन्होंने लॉ कॉलेज को अगले सत्र से शुरू करने और रेसई परियोजना से किसानों को नियमित पानी दिलाने का भी भरोसा दिलाया है।



## विधायक राय ने बताया तीन साल का विजन



**सवाल:** आपके तीसरे कार्यकाल के दो साल पूरे हो गए हैं। अगले तीन सालों के लिए आपकी सबसे बड़ी प्राथमिकता क्या होगी, वह कौन सा सपना है जिसे आप पूरा करना चाहेंगे?

**जवाब:** अब तो एक ही लक्ष्य है कि मेरे शहर के हर घर में मां नर्मदा का जल पहुंचे। नर्मदा जल पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसे सिंचाई के साथ-साथ शहर के हर कोने तक पेयजल के रूप में पहुंचाना मेरा सबसे बड़ा विजन है।

**सवाल:** सीहोर में बेरोजगारी और पलायन एक बड़ी चुनौती है। इसे रोकने के लिए आपकी क्या योजना है?

**जवाब:** बिल्कुल युवाओं के लिए रोजगार सृजन बेहद जरूरी है। अगले तीन सालों में बड़े औद्योगिक घराने लाना मेरी प्राथमिकता है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और पलायन की समस्या दूर होगी।

**सवाल:** शिक्षा के क्षेत्र में सीहोर को क्या नई सौगात मिलेगी?

**जवाब:** शिक्षा पर हमने लगातार काम किया है, साइंस लैब और कंप्यूटर कक्षों के निर्माण करवाए हैं। अब हमारा ध्यान लॉ कॉलेज पर है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगले शैक्षणिक सत्र से ही लॉ कॉलेज में विधिवत पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

**सवाल:** रेसई सिंचाई परियोजना पर आपने लगातार काम किया है। किसानों को कब तक नियमित पानी मिलना शुरू हो जाएगा?

**जवाब:** यह हमारे किसानों की जीवनरेखा है। मेरी लगातार निगरानी के चलते सीहोर क्षेत्र में अंडरग्राउंड नहरों का काम लगभग पूरा हो गया है। एसडीओ डब्ल्यूआरडी ने भी पुष्टि की है कि अगले सिंचाई सीजन 2026-27 से सीहोर के 7 और बैरसिया के 18 गांवों को रेगुलर पानी मिलना शुरू हो जाएगा। किसानों को अब निराशा से बाहर निकलना चाहिए पानी जरूर मिलेगा।

**सवाल:** 12 साल के लंबे कार्यकाल में आपने सीहोर को 6000 करोड़ की सौगातें दी हैं। अब अधोसंरचना में क्या बचा है?

**जवाब:** अधिकांश सडकें बन चुकी हैं, जो कुछ छोटे हिस्से बचे हैं, उन्हें भी तेजी से पूरा कराया जाएगा। इसके अलावा हमने शहर को ऑडिटोरियम (500 सीटर), शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, नए स्वास्थ्य केंद्र और कॉलेज में सीटें बढ़ाने जैसे कई बड़े काम किए हैं, जो लोगों के जीवन को सरल बना रहे हैं। यह विकास यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

### एसपी शुक्ला, एएसपी रावत ने भी किया थानों का निरीक्षण, पुलिस की मुस्तैदी से अपराधियों में खौफ का साया


# आधी रात सड़कों पर दिखाई दी पुलिस, 145 वारंटी किए गिरफ्तार, गुंडे और बदमाशों को किया चेक

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार जिले भर के 232 अधिकारी और कर्मचारियों की अलग-अलग टीमों ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अपराधों की रोकथाम के लिए 11-12 की दरम्यानी रात जिले की सडक़ों पर पुलिस नजर आई। पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत ने भी थानों का निरीक्षण किया। इस विशेष अभियान के दौरान 145 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार जिले भर के 232 अधिकारी और कर्मचारियों की अलग-अलग टीमों ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। सभी टीमों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ब्रीफिंग दी गई। स्वयं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने थाना मंडी, श्यामपुर एवं दोराहा क्षेत्र में कमान संभाली, जबकि एएसपी सुनीता रावत ने इछावर, आष्टा और पार्वती जैसे महत्वपूर्ण थानों में निगरानी की। अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एसडीओपी बुदनी, भेरूंदा, नगर पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी सीहोर ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता दिखाई।



## जुआ, खेलते-शराब बेचते पकड़ाए

पुलिस की काम्बिंग गश्त के दौरान आरोपी जुआं व शराब बेचते हुए भी पकड़ाए। पुलिस के अनुसार इस दौरान 145 वारंटियों (स्थाई और गिरफ्तारी वारंट सहित) को धर दबोचा गया, जबकि 157 चिन्हित निगरानी गुंडे और बदमाशों को सघनता से चेक किया गया। थाना इछावर पुलिस ने जुआ खेलते हुए 10 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा और उनके कब्जे से 15,150 नकद जब्त किए। वहीं थाना सिद्दीकगंज पुलिस ने अवैध शराब बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

## थाना कोतवाली-भैरुंदा की सर्वाधिक सक्रियता

इस अभियान में कुछ थानों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। थाना कोतवाली और भेरूंदा ने सबसे अधिक सक्रियता दिखाते हुए 20-20 वारंटी पकड़े। इसके बाद थाना बुधनी ने 11 वारंटी, जबकि आष्टा, मंडी और इछावर थानों ने 10-10 वारंटी गिरफ्तार किए।

## अफसरों ने भी संभाली कमान

- पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा थाना मंडीएश्यामपुर एवं दोराहा।
- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत द्वारा थाना इछावर, बिलकिसगंज, आष्टा, पार्वती।
- एसडीओपी बुदनी श्री रवि शर्मा द्वारा थाना बुदनी एवं शाहगंज।
- एसडीओपी भेरूंदा रोशन जैन द्वारा थाना भेरूंदा ।
- नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा थाना कोतवाली।
- एसडीओपी पूजा शर्मा थाना अहमदपुर के अतिरिक्त थाना श्यामपुर एवं दोराहा में भी उपस्थित रही।
- एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर थाना जावर के अतिरिक्त थाना आष्टा में भी उपस्थित रहे।

## भावांतर योजना के सुचारू संचालन के उद्देश्य से अपर कलेक्टर ने किया कृषि उपज उप मंडी का निरीक्षण

**सीहोर।** भावांतर योजना के तहत किसानों से सोयाबीन की खरीदी को पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित कराने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने जिले की अहमदपुर कृषि उपज उपमंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सोयाबीन खरीदी की पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की और किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर श्री सिंह ने उपमंडी में मौजूद व्यापारियों के गोदामों का भी औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का मिलान कर जानकारी की सत्यता परखी। उन्होंने बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना में पंजीकृत किसानों को ही भावांतर योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए और उनका सोयाबीन नियमानुसार खरीदा जाए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि खरीदी प्रांगण में किसानों को किसी प्रकार की समस्या न आए, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से बनाए रखें। उन्होंने कहा कि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी रखकर प्रत्येक पात्र किसान को उसका सही लाभ दिलाना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# ई-अटेंडेंस में सीहोर जिला पिछड़ा डीईओ ने रोका शिक्षकों का वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शिक्षा विभाग के ई.अटेंडेंस सिस्टम में लापरवाही से सीहोर जिला पूरे प्रदेश में पिछड़ गया है। राज्य स्तरीय रैंकिंग में सीहोर 35वें नंबर पर पहुंच गया, जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1724 शिक्षकों और कर्मचारियों का दिसंबर माह का वेतन रोक दिया है।

डीईओ तोमर के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी शिक्षकों, भृत्य से लेकर प्राचार्य तक को प्रतिदिन 'हमारे शिक्षक एप' पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद लगातार निर्देशों और पत्राचार के बाद भी बड़ी संख्या में कर्मचारी ई.अटेंडेंस नहीं लगा रहे थे।

## सीहोर ब्लॉक में सबसे ज्यादा लापरवाही

सिर्फ सीहोर विकासखंड में ही 740 कर्मचारी ऐसे पाए गए, जिन्होंने नवंबर-दिसंबर में लगातार ई.अटेंडेंस नहीं भरी। वरिष्ठ अधिकारियों ने जिले की खराब रैंकिंग पर नाराजगी जताते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

## 1724 कर्मचारियों का वेतन रोका

डीईओ ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए ई.अटेंडेंस न लगाने वाले कुल 1724 शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों का दिसंबर माह का वेतन भुगतान रोक दिया है।

## डीईओ का कहना है

यह व्यवस्था सुधारने की दिशा में आवश्यक कदम है। सभी कर्मचारी तुरंत ई.अटेंडेंस लगाना सुनिश्चित करें, ताकि जिले की स्थिति राज्य स्तर पर सुधर सके।

## प्रदेश की रैंकिंग में सीहोर पिछड़ा

ई.अटेंडेंस अनुपालन के राज्य स्तरीय आंकड़ों में सीहोर जिला 35वीं पोजिशन पर है, जिसे विभाग की गंभीर विफलता माना जा रहा है।

अब वेतन रोकने की कार्रवाई के बाद विभाग उम्मीद कर रहा है कि स्थिति में सुधार आएगा और सीहोर बेहतर रैंकिंग हासिल करेगा।

### एसआई के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त, एसपी ने किया निलंबित

# महिला पुलिस अधिकारी की थार ने चार को रौंदा, 1 की मौत, तीन गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शुक्रवार की दोपहर हाइवे स्थित बिलकीसगंज जोड़ पर लाल थार ने जमकर कहर बरपाया। महिला पुलिस अधिकारी की बेकाबू हुई थार की चपेट में बाइक पर सवार दो युवकों के अलावा सड़क किनारे कंबल बेच रहे दो अन्य लोग आ गए।

इस हादसे में घायल चारों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया जबकि बाकी की हालत भी गंभीर बनी हुई है। थाना कोतवाली पुलिस ने महिला पुलिस अधिकारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया है। सड़क हादसों के लिए कुख्यात भोपाल- इंदौर स्टेट हाईवे के बिलकीसगंज जोड़ पर शुक्रवार की दोपहर लगभग 12. 30 बजे एक और भीषण सड़क हादसा घटित हो गया। बताया जाता है कि जिले के आष्टा थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर किरण राजपूत थार क्रमांक एमपी 04 जेड डब्ल्यू 7803 से बिलकीसगंज की ओर जा रही थी।



बताया जाता है कि जोड़ के समीप अचानक उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और थार ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद भी थार की रफ्तार कम नहीं हुई और सड़क किनारे कंबल बेच रहे दो लोगों को कुचल दिया।

इस हादसे में बाइक सवार रातीबड़ निवासी 46 वर्षीय विजय राजोरिया और उनका भाई 40 वर्षीय ह्रदेश राजोरिया पिता राजाराम के अलावा कंबल बेचने वाले 28 वर्षीय युवक वकील आ। गिरधारी लाल बंजारा निवासी कोयल खेड़ी घोंसला उज्जैन एवं लखन पिता मदनलाल बंजारा उम्र 18 वर्ष ग्राम मुंडला महिदपुर उज्जैन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। इस दौरान सूचना मिलने पर थाना कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अधिक चोटें आने पर चारों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया।

वहां निजी अस्पताल में विजय राजोरिया ने दम तोड़ दिया, जबकि उनके भाई ह्रदेश सहित वकील और लखन की स्थिति भी नाजूक बताई जा रही है। इस मामले में थाना कोतवाली पुलिस ने महिला पुलिस अधिकारी किरण राजपूत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए वाहन जब्त कर लिया है।

**60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रूपए पेंशन :** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है।

इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### स्वदेशी संकल्प यात्रा 14 को सीहोर पहुंचेगी

**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ के संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ 15 अक्टूबर को नागपुर (महाराष्ट्र) से हुआ। यह राष्ट्रव्यापी यात्रा वर्तमान में महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। सीहोर जिलाध्यक्ष अम्बर जैन ने बताया कि मध्य प्रदेश में इस महत्वपूर्ण यात्रा का शुभारंभ 1 दिसंबर 2025 को पांढुरना गुरु देव सेवा मंडल जय स्तंभ चौक से किया गया । यह यात्रा सीहोर जिले में 13 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे से आष्ठा में शाम 4 बजे से भेरुन्दा में रात्रि 8 बजे से इछावर में व 14 दिसम्बर सुबह 11 बजे सीहोर में निकलेगी। सीहोर में यह यात्रा 14 दिसम्बर रविवार सुबह 11 बजे तहसील चौराहे से प्रारम्भ होकर मेन रोड से कोतवाली चौराहे पर 12 बजे सभा के बाद कालापीपल के लिये रवानगी होगी। इस अवसर पर यात्रा को केसरिया झंडी दिखाकर प्रस्थान कराने वाले विशिष्ट अतिथि तथा गणमान्य भी उपस्थित रहेंगे ।

### प्रभारी मंत्री गौर का दौरा कार्यक्रम आज

**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विमुक्त घुमंतु एवं अर्धघुमंतु कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर 13 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सीहोर पहुंचेंगी और दोपहर 12:15 बजे सीहोर में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होंगी। दोपहर 01:45 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

### कॉलेज में प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सीहोर।** सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में स्वाध्यायी (प्राइवेट) प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ को गई है। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि नियमित रुप से वंचित छात्र स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्र के रुप में अपनी शिक्षा अर्जन की सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

### समग्र आईडी व आधार कार्ड से ईकेवाईसी आवश्यक की गई

**सीहोर।** सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप




### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर किया गया 552 बच्चों का टीकाकरण


**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 12 दिसंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 412 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 140 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 60 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मध्य प्रदेश में भी पहुंचा, ठंड से जनजीवन प्रभावित

# शीतलहर जारी, पारा 6.6 डिग्री पर पश्चिमी विक्षोभ से बढ़ी ठिठुरन

पिछले लगभग एक माह से जिले में ठंड लगातार बढ़ रही है। 1 दिसंबर को तापमान 8.5 डिग्री था, जबकि 7 और 8 दिसंबर को यह 5.3 और 6 डिग्री तक जा पहुंचा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले में ठंड ने शुक्रवार को फिर अपना तेज असर दिखाया। सुबह का तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसके बाद लोगों को कड़ाके की ठंड का साफ अहसास हुआ। पिछले कई दिनों से न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है, जिससे जिले में शीतलहर जैसे हालात हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रही बर्फबारी का असर मध्य प्रदेश तक पहुंच रहा है। वहां से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही मावठा गिरने की संभावना है, जिसके बाद न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है।

#### पिछले दिनों ऐसा रहा मौसम

पिछले लगभग एक माह से जिले में ठंड लगातार बढ़ रही है। 1 दिसंबर को तापमान 8.5 डिग्री था, जबकि 7 और 8 दिसंबर को यह 5.3 और 6 डिग्री तक जा पहुंचा। 11 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक गिर गया था। गुरुवार को 6.6 डिग्री दर्ज होने के बाद यह साफ हो गया है कि अब जिले में ठंड अपने चरम की ओर बढ़ रही है। लगातार गिरते पारे ने सुबह–शाम की ठिठुरन को और बढ़ा दिया है। लोग अब गर्म कपड़ों, अंगीठियों और हीटरों का सहारा ले रहे हैं। बाजारों में भी ठिठुरन के कारण रौनक कम दिखाई दे रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और ज्यादा ठंड बढ़ने की चेतावनी दी है।

## आशा कार्यकर्ता के घर में लगी आग, हजारों का सामान जलकर खाक, फायर ब्रिगेड ने बुझाया



**सीहोर।** जिले के ग्राम बमूलिया में शुक्रवार को एक घर में गुरुवार रात अचानक लगी आग से हजारों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की त्वरित मदद से बड़ी दुर्घटना टल गई।

जानकारी के मुताबिक, आशा कार्यकर्ता ललिता परमार के मकान से अचानक धुआं उठता देख ग्रामीणों को घटना का पता चला। तुरंत ही गांव वालों ने एक-दूसरे को सूचना दी और फायर ब्रिगेड को भी खबर कर दी। जब तक टीम मौके पर पहुंचती, तब तक ग्रामीण अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश में जुट चुके थे। कुछ ही देर बाद फायर ब्रिगेड पहुंची और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। राहत की बात यह रही कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। परिवार किसी काम से सीहोर गया हुआ था। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने फोन के जरिए परिवार को दी।

आग किस कारण लगी, इसका अभी पता नहीं चला है। लेकिन लपटों ने घर में रखा लगभग सारा सामान जलाकर नष्ट कर दिया। ग्रामीणों के त्वरित सहयोग से आग आसपास के घरों तक नहीं फैली, वरना नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।

## श्रीराधेश्याम विहार कॉलोनी में शिव मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण, शीघ्र होंगे शिव परिवार विराजमान

**सीहोर।** शहर के सौया चौपाल के समीपस्थ श्रीराधेश्याम विहार कालोनी में पूर्णिमा के पावन अवसर पर आधा दर्जन से अधिक विप्रजनों की उपस्थिति में करीब पांच हजार स्क्वायर फीट में लाखों की लागत से निर्मित होने वाले शिव मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है, गत दिनों भूमि पूजन पूर्ण विधि-विधान से किया गया था, उसके मौके पर पंडित सतीश तिवारी ने इसका भूमि पूजन किया था, अब आगामी दिनों में सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उक्त भव्य महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

गत दिनों संस्कार मंच के संयोजक और कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी ने भूमिपूजन करने के साथ भगवान शिव परिवार की स्थापना करने का संकल्प लिया गया और कुछ दिनों में पांच हजार स्क्वायर फीट के अंतर्गत भव्य शिव मंदिर का निर्माण पूर्ण हो गया है। शुक्रवार को रुकमणी अष्टमी को यहां पर मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर मोहन गोस्वामी, नवीन त्यागी, आयुष गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



इस मौके पर संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान शिव का परिवार समन्वय का प्रतीक है। भगवान शिव जी के चरित्र को जीवन मे उतारने की आवश्यकता है, जिन्होंने आवश्यकताओं में भी अल्पता को स्वीकारा।

भगवान शिव का चरित्र हमें जीवन में समन्वय की सीख देता है। में भगवान शिव को देवाधिदेव, आदियोगी, शंकर और भोलेनाथ जैसे कई नामों से जाना जाता है। जहां भगवान शिव को संहार का देवता माना जाता है, वहीं उनका भोलेनाथ नाम दर्शाता है कि भगवान शिव केवल जल चढ़ाने मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शिव का हर एक रूप मानव मात्र के लिए एक प्रेरणा का काम करता है। भगवान शिव का रूप अन्य देवी-देवताओं के बिल्कुल अलग है। जहां अन्य देवी-देवता आभूषणों से सुशोभित, सुंदर-सुंदर वस्त्र पहने नजर आते हैं, वहीं देवो के देव होते हुए भी भगवान गले में सर्प और रुद्राक्ष की माला लपेटे रहते हैं। वे संपूर्ण देह पर भस्म लगाए रहते हैं। जो यह दर्शाता है कि महादेव किसी भी भोग विलासिता से दूर हैं। इससे यह शिक्षा ली जा सकती है कि सादा जीवन भी आपको श्रेष्ठ बना सकता है। इसके लिए किसी दिखावे की जरूरत नहीं है।

## शुक्र का तारा अस्त होते ही 52 दिन नहीं होंगे मांगलिक कार्य : पं. सुनील शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मांगलिक कार्य सगाई, विवाह के लिए शुक्र और गुरु दोनों ही उत्तरदाई होते हैं अगर दोनों में से एक भी अस्त रहेगा, तो शुभ व मांगलिक कार्यों को करने की मनाही होती है।

पंडित सुनील शर्मा के अनुसार शुक्र का तारा आज शनिवार 13 दिसंबर से 2 फरवरी तक अस्त रहेगा जो की वैवाहिक दांपत्य जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। शुक्र देव के उदित होने पर ही सभी प्रकार के शुभ मांगलिक कार्य 2 फरवरी के पश्चात प्रारंभ होंगे। खरमास 16 दिसंबर मंगलवार से प्रारंभ होगा, जब ग्रहों के राजा सूर्य देव वृश्चिक राशि से निकलकर धनु राशि में गोचर करेंगे।

इसे धनु संक्रांति भी कहा जाता है क्योंकि सूर्य धनु राशि के लग्न भाव में गोचर करेंगे और करीब एक माह तक रहेंगे। खरमास के दिनों में सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करते हैं। इसके साथ ही बृहस्पति देव का प्रभाव कम हो जाता है।

शास्त्र अनुसार सनातन धर्म में खरमास में मांगलिक कार्य करना वर्जित माना गया है। एक माह पश्चात जब सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करेंगे तो खरमास पूर्ण हो जाएगा । खरमास पूर्ण हो जाने पर और शुक्र का तारा उदित होने पर 52 दिनों के पश्चात सभी प्रकार के शुभ मांगलिक कार्य सगाई, विवाह,मुंडन, यज्ञोपवीत संस्कार, नवीन कारोबार, गृह प्रवेश 2 फरवरी के बाद प्रारंभ होंगे।

#### खरमास में करें ये काम

शास्त्रों के अनुसार खरमास में सूर्य देव की उपासना की जानी चाहिए। इस दौरान सूर्य पाठ और सूर्य के मंत्रों का जाप करना चाहिए। प्रातःकाल उगते हुए सूर्य को नमस्कार करना चाहिए। इस दौरान तीर्थों में स्नान, दीपदान और जरूरतमंदों को उपयोगी चीजों का दान करना शुभ माना जाता है और इससे हर कार्य की सिद्धि होती है। पूजा पाठ, कथा और व्रत करने में भी कोई दोष नहीं होता है। खरमास की अवधि में जप-तप और दान इत्यादि करने का फल अत्य।धिक मिलता है। इस माह में तुलसी माता व पीपल पूजा, गौ सेवा, शिव शक्ति की आराधना, सूर्य उपासना, भगवान श्री विष्णुजी के नाम जप- मंत्र जप, श्रीगीता- श्री रामचरितमानस- श्री सत्यनारायण जी की कथा काफी शुभ फलदायक होते हैं।

## रोटरी क्लब के तत्वावधान में आज दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**सीहोर।** शहर के भोपाल नाका स्थित चंद्रशेखर आजाद शासकीय पीजी महाविद्यालय में शनिवार और रविवार को सुबह दस बजे रोटरी क्लब भोपाल और सीहोर इकाई के तत्वाधान में पीपुल्स हास्पिटल के सहयोग से विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर शिविर में मरीजों की जांच एवं उपचार निशुल्क के अलावा डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, सोनोग्राफ एवं रक्त की विभिन्न प्रकार की महंगी जांच निशुल्क की जाएगी। इससे पहले रोटरी क्लब ने इंदौर के मशहूर अस्पताल के सहयोग से निशुल्क कैंसर शिविर का आयोजन किया गया था, वहीं यहां पर जिले सहित आस-पास के स्थानों के मरीजों के लिए भव्य निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि शनिवार-




रविवार को दो दिवसीय निशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर में सामान्य रोड, मेडिसिन, हृदय रोग, अस्थमा-छाती रोग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, पेट एवं लीवर रोग, गैस्ट्रो, त्वजा रोग, नाक, कान, गला रोग, नेत्र रोग और हड्डी, जोड़ों के दर्द आदि की जांच और उपचार आदि की जांच निशुल्क की जाएगी। शिविर में मरीजों की जांच एवं उपचार निशुल्क किए जाएंगे, आने वाले मरीज अपने आधार कार्ड या समग्र आईडी की एक प्रतिलिपि लेकर आए, सभी के लिए भोजन, जांच, आपेरशन और दवाईयां निशुल्क उपलब्ध रहेगी।

इसके अलावा इछावर, आष्टा, श्यामपुर, जावर के अलावा आस-पास के मरीजों की जांच की जाएगी, शिविर के लिए उमंग सक्सेना, हर्ष वाई मित्तल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयर्गीय, कपिल अग्रवाल, विपुल चांडक मनोज शर्मा, आदित्य बुंदेला, कृष्णा दवनडे, संजय मुडिया, अनस खान आदि शामिल है।

## दो साल, बेमिसाल : भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने दी सीएम डॉ. मोहन यादव को बधाई



**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 2 साल के कार्यकाल पर सीहोर के वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने उन्हें बधाई, शुभकामनाएं दी। प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचकर श्री अरोरा ने सीएम डॉ मोहन यादव को गुलदस्ता भेंट किया एवं उनके बेहद सफल कार्यकाल पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान अरोरा मित्र मंडल सहित उनके समर्थक भी साथ रहे। श्री अरोरा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो साल का कार्यकाल बेहद महत्वपूर्ण रहा। इन दो सालों में मध्य प्रदेश ने कई ऊंचाइयों को छुआ तो वहीं नक्सल जैसी बेहद गंभीर गतिविधि को खत्म किया। अब मध्यप्रदेश नक्सली गतिविधियों से मुक्त हो गया है। इसके अलावा मध्यप्रदेश ने पिछले दो सालों में औद्योगिक विकास के कई आयाम भी स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जहां रीजनल औद्योगिक कॉन्क्लेव हुई तो वही औद्योगिक समिट का भी आयोजन किया गया। इस दौरान देश-विदेश से उद्योगपति आए और उन्होंने मध्यप्रदेश की धरती पर करोड़ों रुपए निवेश करने का एमओयू भी साइन किया। अब मध्यप्रदेश में लगातार निवेश आ रहा है और कई बड़े-बड़े उद्योग स्थापित हो रहे हैं। इन उद्योगों से यहां पर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। श्री अरोरा ने कहा कि मध्यप्रदेश में गरीब, किसान, महिलाओं, युवाओं को लेकर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ इन वर्गों के लोगों को भी मिल रहा है। श्री अरोरा ने कहा कि मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कई उपलब्धियां हासिल कर रहा है और अब आगामी तीन वर्षों में कई नए आयाम भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई, शुभकामना देते हुए उनके सफल कार्यकाल की भी उपलब्धियां गिनाई।

## विदिशा को कांटे के मुकाबले में एक विकेट से हराया, निर्मल ने खेली 72 रन की शानदार पारी

### सीहोर की टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर किया फाइनल में प्रवेश

**सीहोर।** जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर की डीसीए टीम ने लगातार जीत का क्रम जारी रखते हुए कांटे के मुकाबले में मैच के अंतिम ओवर में पहली गेंद पर विजय रन हासिल कर विदिशा टीम को उसके मैदान पर हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में स्थान पक्का किया है, शनिवार को सीहोर टीम राजगढ से फाइनल में खेलेगी। इस मैच में सीहोर के गेंदबाज सक्षम त्यागी ने चार विकेट, हार्दिक वर्मा ने दो विकेट के अलावा टीम के प्रतिभाशाली बल्लेबाज निर्मल ने 72 रन की शानदार पारी खेली।

टीम के लगातार उम्दा प्रदर्शन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, कोच अक्षय दुबाने आदि ने बधाई दी है। गुरुवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी विदिशा टीम ने 45 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए थे, इसमें जय रघुवंशी ने 74 रन, हर्षित शर्मा ने 47 रन, देव रघुवंशी ने 13 रन की पारी खेली। वहीं सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सक्षम त्यागी ने चार विकेट, हार्दिक वर्मा ने दो विकेट, देवेन्द्र-नवनीत ने एक-एक विकेट हासिल किए। विदिशा टीम ने सीहोर के गेंदबाजी पर शानदार प्रदर्शन किया। सीहोर के गेंदबाजों ने विदिशा टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचने दिया। सीहोर की गेंदबाजी सटीक रही।

**अंतिम ओवर तक पहुंचा मुकाबला :** डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को खेला गया मैच काफी रोमांचक रहा। सीहोर टीम ने मैच के अंतिम ओवर की पहली गेंद पर लक्ष्य हासिल करते हुए एक विकेट से मैच जीता। इस मैच में डीसीए सीहोर की ओर से निर्मल ने 72 रन, बिल्ला मियां ने 15 रन, अंश गावा ने 22 रन, हादक, देवेन्द्र और नवनीत ने 12-12 रन की पारी खेली।

इधर विदिशा की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहित, हार्दिक, अमन ने दो विकेट और आराध्य ने एक विकेट हासिल किया।

### प्रत्येक छात्र को मंच पर बुलाकर व्हाइट कोट पहनाया गया

# श्री सत्य सांई यूनिवर्सिटी में इंडक्शन और व्हाइट कोट सेरेमनी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़, सीहोर के स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस में एमबीबीएस सत्र 2025 के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन एवं व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुनील कपूर, चेयरमैन आरकेडीएफ समूह उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. सिद्धार्थ कपूर, कुलाधिपति, श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, डॉ. मुकेश तिवारी, माननीय कुलपति तथा डॉ. पी. डी. महांत, डीन स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एवं ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों ने नव प्रवेशित छात्रों को चिकित्सा शिक्षा की गरिमा, अनुशासन और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। अपने संबोधन में डॉ सुनील कपूर ने कहा कि व्हाइट कोट केवल एक परिधान नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और नैतिकता का प्रतीक है।




विद्यार्थियों को इसे सम्मान और ईमानदारी के साथ धारण करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक छात्र को मंच पर बुलाकर व्हाइट कोट पहनाया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को डॉक्टर्स शपथ दिलाई गई, जिसमें उन्होंने मानवता की सेवा, चिकित्सा मूल्यों के पालन और रोगियों के हित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।

समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए, जिन्होंने आयोजन को बच्चों के करियर की महत्वपूर्ण शुरुआत बताते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ आलोक कुलश्रेष्ठ द्वारा अतिथियों, शिक्षकों, डॉक्टरों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अंकित नवगीत जोशी के द्वारा किया गया।

## नवजात बालिकाओं को खिलौने वितरित कर किया गया बालिकाओं का स्वागत

### महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन अभियान के तहत हुई उन्मुखीकरण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ योजना एवं महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन अभियान के तहत सीहोर के गंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर उन्मुखीकरण एवं नव जन्मी बालिकाओं का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवजन्मी बालिकाओं को खिलौने वितरित कर उनका स्वागत किया गया।

उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासन निधि शर्मा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जागरूक




करते हुए बताया कि बाल विवाह समाज में फैला हुआ ऐसा अपराध है जो बालिकाओं और बालकों के जीवन में विकास को अवरूद्ध करता है तथा उनके शैक्षणिक, मानसिक और शारीरिक विकास मे बाधा बनता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह मे शामिल होने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होने वाले सभी लोगों पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत दंड का प्रावधान है। इसके साथ ही महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, मानसिक स्वास्थ्य सहित अनेक विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान भूपेन्द्र अहिरवार, सुरेश पांचाल, अकांक्षा मिश्रा, रोशनी राठौर, प्रियंका दोहरे सहित स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टोरेट में जबरन घुसने का प्रयास कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

# गोवंश को बचाने सड़क पर उतरी कांग्रेस, किया कलेक्ट्रेट का घेराव

## प्रदर्शन के पूर्व आयोजित सभा में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले सहित प्रदेश की सड़कों, राजमार्गों सहित यहां-वहां लावारिस हालत में घूम रहे गोवंश की दुर्दशा पर गुरुवार को युवक कांग्रेस के नेतृत्व में मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन, प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन के दौरान युवक कांग्रेस के कई प्रदेश पदाधिकारी सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

स्थानीय खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में करीब 3 घंटे तक चली सभा के उपरान्त शाम करीब 4.30 बजे सैकड़ों कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में पहले से भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने कलेक्टोरेट परिसर मे जबरन दाखिल होने से रोक लिया। कलेक्टेट के मेन गेट पर काफी समय तक चले प्रदर्शन, नारेबाजी और धक्कामुक्की के बाद अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान को युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदेश भर में लावारिस हाल में घूम रहे गोवंश को बचाने मप्र शासन से हस्तक्षेप करते हुए चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने की मांग रखी गई।



### तीन घंटे तक चली सभा में जमकर बरसे इंकाई

युवक कांग्रेस के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन के दौरान युवक कांग्रेस प्रदेश घनघोरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, पूर्व केबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह, युकां प्रदेश प्रभारी चौहान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया सहित पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, बापूसिंह तंवर सहित कई इंकाजनों ने सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

सभा को संबोधित करते हुए युकां प्रदेशाध्यक्ष घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की महज 15 महीने की सरकार में हमने गोवंश के लिए 300 से अधिक गोशालों का निर्माण किया लेकिन उसके बाद आज तक एक भी नई गौशाला नहीं बनी है। युकां प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ने कहा कि आज तो गोवंश को बचाने में यदि आवश्यकता लगी तो हम प्रदेशव्यापी आंदोलन आगामी दिनों में करेंगे।

### 20 साल में भाजपा ने नहीं बनवाई एक भी गोशाला

पूर्व ऊर्जामंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने कहा कि प्रदेश की सड़कों पर हजारों गोवंश निराश्रित घूम रहे हैं। पिछले 20 सालों की भाजपा सरकार ने इन गौवंश की सुध नहीं ली और आज तक एक गोशाला नहीं खुलवाई। भाजपा सिर्फ गोमाता के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते हैं।

### भाजपा सरकार में खुल रहे कई बूचड़खाने

अन्य वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के लोग गोमाता को आवारा पशु बोलते हैं। एक तरफ वे गोवंश को माता दर्जा देते हैं वहीं दूसरे ओर लाखों गौवंश निराश्रित छोड़ रखे हैं। जिपं अध्यक्ष चंदर सौंधिया ने कहा कि गाय माता और गोवंश के लिए हमारी कांग्रेस सरकार में ही गोसंवर्धन बोर्ड गठित किया गया। गाय का माता कहने वाले भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा बूचड़खाने खोले जा रहे हैं।

## 17 दिसंबर को जयंती है जिसे पेंशनर डे के रूप में मनाया जाएगा

**जीरापुर।** पेंशनर संघ मध्य प्रदेश द्वारा एक बैठक आयोजित कर आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर डे मनाने के लिए चर्चा की जिसमें बताया गया कि पेंशनरों को उनका हक दिलाने वाले डीएम नकारा की 17 दिसंबर को जयंती है जिसे पेंशनर डे के रूप में मनाया जाएगा उक्त कार्यक्रम स्थानीय पेंशनर भवन में दोपहर दो बजे से प्रारंभ किया जावेगा। इस दौरान उक्त कार्यक्रम में पेंशनरों का 32 माह का एरियर केंद्रीय दर पर महंगाई भत्ता अभिलंब स्वीकृत करने , धारा 49 की समाप्ति , चिकित्सा भत्ता 3000 रूपये मासिक स्वीकृत करने सहित विभिन्न मांगों संबंधी ज्ञापन भी दिया जावेगा पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि सभी पेंशनरों को पेंशनर डे मनाने हेतु सूचित किया जा रहा है जहां पर आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी समय पर उपस्थित रहे।

जिम्मेदारों की अनदेखी

## हाईवे की बेशकीमती जमीन पर किया जा रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



नगर की रहवासी विद्याधाम कालोनी में दुकानों का निर्माण कर स्टेट हाईवे के किनारे की बेशकीमती शासकीय रकबा नम्बर 1239 जमीन पर नितेश पिता प्रकाश मालवीय द्वारा तारफेंसिंग कर व्यवसायिक कार्य किया जा रहा है! उक्त बेशकीमती भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पूछने पर उक्त अतिक्रमणकर्ता ने बताया की मेने रामगोपाल सत्यनारायण मोदी से किराए पर यह जगह ली है! अब विचारणीय बात यह है की उक्त शासकीय जमीन को कोई किस तरह किराए पर दे सकता है! अगर जिम्मेदारों द्वारा समय रहते इस अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो यह अस्थाई अतिक्रमण कब्जे का रूप ले लेगा अब देखना है की जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस जमीन के अतिक्रमणकर्ता पर क्या और कब कार्यवाही की जाती है! या फिर एक बार बेशकीमती शासकीय जमीन भू माफिया के कब्जे में चली जाती है।

### इनका कहना है...

हमने उक्त अतिक्रमणकर्ता पर रामगोपाल, सत्यनारायण मोदी पर अर्थ दंड किया आगे हम बेदखली की कार्रवाई करेंगे।

**रामनिवास धाकड़, नायब तहसीलदार माचलपुर**

## 501 कलश धारण कर मातृ-शक्तियों ने निकाली भव्य यात्रा

### गायत्री परिवार द्वारा 24 कुंडीय महायज्ञ के तहत हुआ आयोजन



**राजगढ़।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में राजगढ़ में 24 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन करवाया जा रहा है। इस आयोजन के प्रथम दिवस नगर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें 501 कन्याएं, बालिकाएं सहित अन्य मातृ-शक्तियां 501 कलश सिर पर धारण करते हुए साथ चल रही थीं। कलश यात्रा में शामिल सभी महिलाएं पीले वस्त्र धारण किए हुए थीं। स्थानीय गायत्री प्रज्ञा भवन में आरंभ हुई कलश यात्रा नाका नंबर 3, मेन मार्केट से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा का नगर में कईं स्थानों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों सहित अन्य द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत, अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे अश्व पर सवार एक बालिका सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

## सबूतों के आधार पर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नवंबर 2023 में एक विवाहिता महिला ने अपने पति द्वारा लगातार दी जा रही प्रताड़ना और दहेज की मांग से आहत होकर जहर खाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। मामले में जीरापुर पुलिस ने उस समय मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के उपरान्त चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने इस मामले में मृतका महिला के पति को 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### सबूतों व गवाहों के आधार पर की सुनवाई

लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि पार्वतीबाई दांगी का विवाह नयागांव (खुमानपुरा) निवासी राजेश पिता राधेश्याम दांगी के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही राजेश द्वारा उसे मायके से दहेज लाने सहित अन्य बातों पर प्रताड़ना दी जा रही थी। बार-बार की प्रताड़ना से तंग आकर पार्वतीबाई ने एक दिन जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। घटना के बाद जीरापुर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। मर्ग की जांच में मायके पक्ष के बयानों सहित अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सत्र न्यायाधीश राजीव म. आप्टे द्वारा दोषी राजेश दांगी को 5 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। फैंसल में लेख किया गया कि निश्चित रूप से यह अपराध समाज में घृणित अपराधों में से एक है जिसके परिणामस्वरूप एक जीवन अकाल ही काल-कवलित हो गया।

छात्रों को मिला आर्थिक सशक्तीकरण का संदेश

## कॉलेज में आयोजित वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम



**सारंगपुर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में पाइनेंशियल एजुकेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, बचत, निवेश और डिजिटल बैंकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

इस अवसर पर इंदौर से आमंत्रित चार्टर्ड अकाउंटेंट आकांक्षा गर्ग एवं सुमित सिंह मोंगिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। शुरुआत मुख्य वक्ताओं द्वारा भारत में तेजी से बदलते आर्थिक परिदृश्य और युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक छात्र के लिए बजट बनाना, जिम्मेदारी से खर्च करना, सुरक्षित ऑनलाइन लेनदृदेन करना तथा भविष्य के लिए निवेश की आदत विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। सही समय पर लिए गए वित्तीय निर्णय जीवन को सशक्त और सुरक्षित बनाते हैं। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को बजटिंग और मनी मैनेजमेंट, बचत की आदतें और फंड प्लानिंग, म्यूचुअल फंड, एसआईपी (ैप्च) एवं शेयर बाजार की मूल बातें, डिजिटल पेमेंट्स की सुरक्षा तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव जैसे विषयों पर सरल और व्यवहारिक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि सीमित आय में भी उचित योजना बनाकर आर्थिक स्थिरता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक भाग इंटरएक्टिव क्विज और वास्तविक जीवन से जुड़ी फाइनेंशियल प्लानिंग पर आधारित केस-स्टडी रहीं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे छात्रों को वित्तीय निर्णय लेने की व्यवहारिक समझ विकसित करने में सहायता मिली। प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन में सही आर्थिक निर्णय लेने के लिए भी तैयार करते हैं।

## व्यवस्थाएं सुधारने सड़क पर उतरा अमला, एक ही दिन में दिखा सुधार

### नपा ने अतिक्रमण से जब्त की सामग्री

**नरसिंहगढ़।** शहर की बिगड़ती व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने गुरुवार को प्रशासन, नपा और पुलिस का संयुक्त दल सड़कों पर उतरा। एक दिन पहले की गई मुनादी और चेतावनी का असर गुरुवार को साफ नजर आया। बाजार से जहां हाथ ठेले गायब दिखे, वहीं दुकानों के सामने से अतिक्रमण भी हट गया। मुख्य मार्गों पर खड़े वाहनों को भी हटवाया गया। जिन स्थानों पर चेतावनी के बाद भी सामग्री पड़ी मिली, उसे नपा अमले ने जब्त किया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सुशील कुमार, तहसीलदार विराट अवस्थी, सीएमओ अभिषेक जैन, टीआई शिवराज सिंह सहित राजस्व, नपा और पुलिस बल मौजूद रहा।

### दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई

प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सड़कों पर अतिक्रमण किया गया या निर्धारित स्थानों से हटकर दुकान लगाई गई, तो संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि शहर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी जारी रहेगी।

### सीएमओ ने नगर को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मोहल्ले, वार्ड का किया निरीक्षण

**जीरापुर।** आगामी स्वच्छता अभियान 2026 की तैयारियों को लेकर नगर में साफदृसफाई व्यवस्था का जायजा लेने हेतु सीएमओ हरिओम शर्मा ने अपनी टीम के साथ प्रमुख मार्गों, गलियों,वार्डों और मोहल्लों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए और संबंधित कर्मचारियों को समय पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। अभियान को सफल बनाने हेतु नगर परिषद द्वारा विशेष रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। इस मौकेपर सीएमओ हरिओम शर्मा, दरोगा आजाद झावा,रामप्रसाद झावा,राजू झावा,विजय कुशवाह सहित परिषद कर्मचारी भ्रमण मे उपस्थित रहे।

## सुठालिया शासकीय महाविद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



**सुठालिया।** नगर पीला खाल स्थित शासकीय महाविद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने की एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है। राजस्व, पुलिस प्रशासन और नगर परिषद के अमले ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। यह कार्रवाई उस भूमि पर की गई है, जिस पर पिछले कुछ समय से अतिक्रमण के चलते बाउंड्री वॉल का कार्य रुक गया था। गौरतलब है कि इस भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में एक महिला ने जहर खा लिया था, जिसके बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई करने का निर्णय लिया। शासकीय महाविद्यालय की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

## 13 लोगों पर बलवे सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज

### मामूली बात पर हुई थी पत्थरबाजी, तोड़फोड़

**राजगढ़-छापीहेड़ा।** जिले के छापीहेड़ा कस्बे में कांकरिया जोड़ बस स्टैंड पर बुधवार रात्रि मामूली बात पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला करते हुए न केवल पत्थरबाजी की बल्कि वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को भी अंजाम दिया था। घटना के बाद हालात काफी तनावपूर्ण हो गए और जिले के विभिन्न थानों से बल भिजवाते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया गया था। इस मामले में छापीहेड़ा पुलिस ने एक पक्ष के 14 लोगों पर बलवा समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने फरियादी जीतमल पिता शिवनारायण दांगी निवासी नाटाराम की रिपोर्ट पर वासू पिता रामनिवास झंझावत, गोविंद पिता रमेश झंझावत, दीपक झंझावत, रोहन पिता गुलाब झंझावत, सोहन पिता गुलाब सिंह झंझावत, रोनी झंझावत, दीपू पटेल, मस्तराम कंजर, निर्मल पिता बंकट कंजर, बालकिशन कंजर, चांदू पिता निर्मल कंजर, नैनसिंह कंजर एवं कमल पिता मोहन कंजर सहित अन्य पर बीएनएस की धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 190, 191(3), 324(5) के तहत अपराध कायम किया है।

## खाटू धाम पर 13वां वार्षिक महोत्सव का हुआ आयोजन भजनों पर थिरके श्रद्धालु



**खुजनेर।** कुंज नगर खुजनेर में मालवा के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मालवा के खाटू धाम के नाम से जाने वाले खाटू धाम पर मंगलवार को 13 वा वार्षिक महोत्सव का आयोजन आयोजित हुआ जिसमें बाबा श्याम को छप्पन भोग व अलौकिक दरबार सजाया गया वहीं कलकत्ता के सुप्रसिद्ध गायक श्वेता कौशिक देवराज सेन ओमप्रकाश शर्मा खुजनेर धाम द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई वहीं दूर दूर से भक्तजनों का जनसैलाब उमड़ा मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए श्री श्याम मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया था श्याम प्रेमियों ने पावन ज्योत लेकर परिवार में मंगलकामनाएं की पूरा पंडाल इत्र की खुशबू से महक उठा वही रात्रि 12 बजे श्री श्याम की महाआरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

## दीनदयाल रसोई योजना के क्रियान्वयन को लेकर खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**सारंगपुर।** शासन की दीनदयाल रसोई योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संचालन को लेकर कलेक्टर राजगढ़ (म.प्र.) द्वारा नियुक्त खण्ड स्तरीय समन्वयध्अनुश्रवण समिति की बैठक बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रोहित बम्होरे ने की। आयोजित बैठक में दीनदयाल रसोई केन्द्रों के संचालन हेतु गैर-शासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं, स्व-सहायता समूहों एवं व्यक्तियों से ई-निविदा सूचना के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया। ई-निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 05 निविदाकारों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनका शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार परीक्षण कर संस्थाध्फर्मध्एजेंसीध्व्यक्ति के चयन की प्रक्रिया पर आवश्यक कार्यवाही की गई। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे,जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में योजना के सुचारू संचालन, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं हितग्राहियों को समयबद्ध एवं सुलभ लाभ प्रदान करने पर विशेष चर्चा की गई।

## एसआईआर में लापरवाही पर प्राथमिक शाला खाजली में पदस्थ शिक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में इन दिनों मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य चल रहा है। निवार्चन संबंधी इस कार्य को प्रशासनिक अधिकारी सर्वोच्य प्राथमिकता के साथ अधीनस्थ अमले से सामंजस्य बैठाकर पूर्ण करवा रहे हैं। लेकिन, एसआईआर में ड्यूटीरत कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं जो इस कार्य को अरुचि से करते हुए कई लापरवाहियां भी कर रहे हैं।

इसी तरह के एक मामले में राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के तहत गणना पत्रकों के वितरण एवं डिजिटाईजेशन कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्राथमिक शाला खाजली में पदस्थ शिक्षक रामकैलाश दांगी को कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

### एक दिवस पूर्व मावि शिक्षक हुए थे सस्पेंड

निलंबन की उक्त कार्रवाई के एक दिवस पूर्व ही एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर खुजनेर के प्राथमिक शिक्षक मांगीलाल राठौर को भी सस्पेंड करने की कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की जा चुकी है। एसडीएम सह निवार्चक रजिस्टीकरण अधिकारी के प्रतिवेदन पर उक्त कार्रवाई हुई हैं।

1 करोड़ 51 लाख से होंगे निर्माण कार्य, 13 को होगा भूमिपूजन

## मंत्री टेटवाल की विधायक निधि से नगर में सड़क नाला, सामुदायिक भवन व अन्य निर्माण कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका में पार्षदों के आपसी विवाद के चलते लंबे समय से नगर के विकास कार्य प्रभावित थे, लेकिन अब क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की पहल से नगर को बड़ी विकास राशि की सौगात मिली है। विधायक निधि से 1 करोड़ 51 लाख की राशि नगरीय निकाय सारंगपुर के लिए स्वीकृत की गई है, वहीं श्री राम मंदिर पंडितवाड़ी के लिए 14 लाख की अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत कराई गई है। यह जानकारी देते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष निर्मल जैन ने बताया कि स्वीकृत राशि से नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाला, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्य कराए जाएंगे। सभी कार्यों के टेंडर पूर्ण हो चुके हैं तथा एजेंसी तय कर ली गई है। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल 13 दिसंबर को विधिवत भूमिपूजन कर कार्यों का शुभारंभ करेंगे।

### स्वीकृत विकास कार्य इस प्रकार हैं



वार्ड 1 में सीमेंट सड़क निर्माण 11 लाख,वार्ड 2 में हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख, वार्ड 5 में व्यायामशाला मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख, वार्ड 7 में सीसी रोड निर्माण 18 लाख,वार्ड 8 बजरंग कॉलोनी में सीसी रोड 20 लाख वार्ड 9 में सामुदायिक भवन 18 लाख,वार्ड 10 भूरी का मैदान, मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख,वार्ड 15 में फूलमाली समाज धर्मशाला की बाउंड्रीवाल 12 लाख,वार्ड 16 में सीसी रोड निर्माण 12 लाख,वार्ड 17 तारागंज में सीसी रोड निर्माण 12 लाख,वार्ड 18 राधानगर में नाला निर्माण 18 लाख] वही जैन ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की राजनीति आड़े नहीं आने दी जाएगी और सभी को पूर्वाग्रह त्यागकर नगर विकास में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 13 दिसंबर को जनपद पंचायत कार्यालय के लिए 5 करोड़ तथा विश्राम गृह के लिए 4.90 करोड़ के कार्यों का भी भूमिपूजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### स्वदेशी संकल्प यात्रा का आज होगा प्रवेश

**आष्टा।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के शताब्दीह वर्ष तथा माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारव व स्वदेशी अपनाओ संकल्प को जन जन तक पहुँचाने हेतु कनफेडरशेन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स व स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित स्वेदशी संकल्प यात्रा 13 दिसम्बर दिन शनिवार को आष्टा में प्रवेश कर रही है। उक्त जानकारी कनफेडरशेन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के जिला सचिव लक्ष्मीनारायण मेवाडा, विशेष सहयोगी अर्जुनसिंह अजनोदिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। साथ ही बताया कि उक्त यात्रा दिन के 1 बजे बायपास चैपाटी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सुभाष चैक पर पहुंचेगी। उक्त यात्रा में स्वदेशी अपनाओ का संकल्प लिया जाएगा। यात्रा में मुख्य रूप से क्षेत्रिय विधायक गोपालसिंह इंजिनियर, नपा अध्यक्षा हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा विशेष रूप से शामिल रहेगें वही नगर के समस्त व्यापारी व आम नागरिकगण भी उपस्थित रहेंगे।

### मेहतवाड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी का निधन



**जावर।** ग्राम मेहतवाड़ा के वरिष्ठ व्यक्तित्व जो सर्व समाज में अपनी अलग ही पहचान रखने वाले जो अपने कर्म क्षेत्र में युवाअवस्था में पहलवानी में अपना वर्चस्व कायम किया, वॉलीबॉल के क्षेत्र के अच्छे खिलाड़ी रहे। राजनीति में भी कई पदों को सुशोभित किया। गांव के पंच, सरपंच, तिलहन संघ, सोसाइटी, मार्केटिंग, मंडी संघ चुनाव में भाग लिया और कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ पदों को सुशोभित कर आजीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित रहे व धर्म कर्म में अपनी बेबाग वचनों से बात रखने वाले व्यक्तित्व के धनी हमारे बीच में नहीं रहे। उनकी अंतिम यात्रा 10 दिसंबर को मुक्तिधाम मेहतवाडा पर पहुंचकर अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम मैं समाज के अन्य समाज के सभी समाज से भी और वरिष्ठ राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारीयो ने पहुंचकर उनको अंतिम विदाई दी। और भगवान से मोक्ष की कामना की। अंतिम यात्रा में वरीष्ठ समाजसेवी, कांग्रेस और भाजपा के अनेक पदाधिकारी, पुर्व जनप्रतिनिधि, अध्यापक, पत्रकार, तथा आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग सामिल हुए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# तेंदुआ पकड़ने वन विभाग ने लगाया पिंजरा, चारा बनी बकरी पिंजरे से गायब

## हरिभूमि की टीम ने की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

जिले के अहमदपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पथरिया कोलूखेड़ी जेतला, पनदा सहित क्षेत्र में तेंदुआ की दहशत से करीब 12 दिनों से ग्रामीण डर-दहशत में जी रहे है। ग्रामीणों क्षेत्रों में तेंदुआ का मूवमेंट लगातार बरकार है। जिसको लेकर ग्रामीण डरे-सहमे नजर आ रहे थे।

कृषि कार्य के लिए किसान खेत मे जाने से भी डर रहे है। उन्हें यह डर सता रहा है कि कही तेंदुआ ना आ जाएं। वन विभाग तेंदुए को पकड़ने में नाकाम नजर आ रहा है। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पथरिया गांव के बड़ली के पास पिंजरा लगाया था। लेकिन अब वन विभाग की कार्यप्रणाली सन्देह के घेरे में नजर आ रही है। क्योकिं सिर्फ खाली पिंजरा विभाग ने लगाकर अपना फर्ज निभा दिया। जिनसे की ग्रामीणों को लगे कि विभाग ने रेस्क्यू के लिए पिंजरा लगाया है। इस पिंजरे में बकरी का बच्चा कहीं भी नजर नही आया।

### हरिभूमि की पड़ताल, पिंजरे से गायब हुई बकरी

जब हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की तो सच्चाई कुछ ओर ही नजर आई। मौके पर सिर्फ खाली पिंजरा ही नजर आया। तेंदुआ को पकड़ने के लिए बुधवार को वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। वही वन विभाग के रेंजर ने मीडिया के सामने बयान देकर इस बात की पुष्टि की हमने तेंदुए को पडकने के लिए पिंजरा लगाया है। उसमें चारे के रूप में बकरी बांधी है। लेकिन सवाल यह उठता है कि तेंदुआ पिंजरे में आया नही और बकरी गायब कैसे हो गई। वही ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि वन विभाग ने जहां पिंजरा लगाया गया वहां उचित नही है और खाली पिंजरे पर ग्रामीणों ने सवाल खड़े कर दिए है। पथरिया गांव के किसान बने सिंह गुर्जर ने खाली पिंजरे को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। बने सिंह गुर्जर ने कहा है कि वन विभाग कुंभकरण की नींद में सो रहा है और कोई अनहोनी के होने का इंतजार कर रहा है विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे पर ही सवाल खड़े कर दिए। वही कोलूखेड़ी गांव के किसान अमर सिंह मीणा ने कहा है की वन विभाग द्वारा जो पिंजरा लगाया गया है। वन विभाग ने अपनी सुरक्षा विकल्प चुनकर पिंजरा लगाया है और उस जगह पर तेंदुआ का मूवमेंट देखने को नहीं मिल रहा है। जब हरिभूमि की टीम ने गुरुवार शाम 5 बजे ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर सच्चाई जानी तो वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे की हकीकत सामने आई ओर देखा की झाड़ियों के बीच में पिंजरे को रख दिया गया है, पिंजरा खाली था वहा ना तो विभाग का कोई जिम्मेदार व्यक्ति मिला ना ही तेंदुए को लुभाने के लिए यहां पर कुछ नहीं नजर नही आया। तेंदुए के रेस्क्यू के लिए पिजरे को लेकर वन विभाग पर ही अब ग्रामीणों ने सवाल खड़े कर दिए है।

## ग्रामीण ने वन विभाग पर खड़े किए सवाल



## सवालः एसे-कैसे फंसेगा पिंजरे में तेंदुआ

हरिभूमि की टीम वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे का निरीक्षण करने पहुंची तो पाया की पथरिया गांव के बड़ली के पास वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में बकरी ही नहीं थी। पिंजरा पूरी तरह से खाली था। पिंजरे के पास बकरी नहीं होने से वन विभाग की कार्य प्रणाली पर भी अब बड़े सवाल खड़े हो गए हैं, क्या वन विभाग ग्रामीणों का विरोध देखकर खाना पूर्ति करता हुआ नजर आ रहा है, या फिर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकार द्वारा अनदेखी की जा रही है।

## तेंदुए के मूवमेंट से दहशत में ग्रामीण

### सीसीटीवी कैमरों से नहीं हो रही तेंदुए की मॉनिटरिंग

क्या वन विभाग के अधिकारी किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे है या फिर कड़कड़ाती ठंड में चद्दर ताने सो रहे है । जब की तेंदुए की मुवमेंट पर नजर बनाने के लिए जंगल में कैमरे भी लगाए जा सकते है। जिससे जल्द तैंदुआ नजर आ सकता है, और सुरक्षित रैस्क्यु भी किया जा सकता है।

### जहां तेंदुए की मूवमेंट वहां पर नहीं लगाया गया पिंजरा

ग्रामीण बने सिंह गुर्जर ने बताया कि वन विभाग कुंभकरण की नीद में सो रहा है, वन विभाग को किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार है। कोलूखेडी निवासी ग्रामीण अमर सिंह मीणा ने बताया कि वन विभाग ने गलत जगह पिंजरा लगाया है। जिस जगह पर तेंदुए का मूवमेंट देखा जा रहा है वन विभाग ने वहां पिंजरा नहीं लगाया है। जिस जगह पिंजरा लगाया है वहां तेंदुआ का मूवमेंट नहीं देखा जा रहा है। हमारे द्वारा सीसीटीवी फुटेज भी दिए गए थे।

### बकरी रात को बांधते हैं

बकरी को चारा खिलाने के लिए दिन में निकाल लिया जाता है, ताकि वह भूखी ना मरे। दिन के समय में सरपंच साहब के घर बकरी को बंधवा दिया जाता है, चारा पानी करने के बाद शाम को बकरी को पिंजरे में बांध देते हैं।

**हरिप्रसाद डागर**, डिप्टी रेंजर अहमदपुर

## पीथापुर ग्राम के लोगों ने विरोध में सिद्धिगंज थाने का किया घेराव

# रात को घर में घुसकर महिलाओं से दुर्व्यवहार डिप्टी रेंजर समेत तीन लोगों पर हुई एफआईआर

आदिवासी परिवार के घर में तोड़फोड़, गाली-गलौज का आरोप। घर में सो रहे लोगों के बिस्तर, सामान फेंके। महिलाओं के साथ गाली गलौज व मारपीट की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

थाना क्षेत्र के पीथापुरा गांव में वन विभाग के कुछ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगे हैं। एक आदिवासी परिवार की महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वन विभाग के कर्मचारियों ने कथित तौर पर 11-12 दिसंबर की दरमियानी रात 3.20 बजे उनके घर का दरवाजा तोडक़र प्रवेश किया, घर में सो रहे लोगों के बिस्तर और सामान फेंक दिए और परिवार की महिलाओं के साथ गाली गलौज व मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर वन विभाग के कर्मचारी विजय वर्मा, फैजल बनी नाकेदार, छगन भिलाला डिप्टी सहित अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### क्या है पूरा मामला?

पुलस के अनुसार शिकायतकर्ता रानू बाई पति जीवन सिंह डुडवे ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि 11 दिसंबर की रात लगभग 9.30 बजे उनका परिवार खाना खाकर सो गया था। रात करीब 3.20 बजे उनके घर के दरवाजे पर लात मारने की आवाज आई। उन्होंने उठकर देखा तो चार लोग घर के अंदर घुस आए थे, जबकि कुछ लोग बाहर खड़े थे जो कथित तौर पर वन विभाग के कर्मचारी थे।




### नशे में थे वनकर्मी

शिकायतकर्ता के अनुसार अंदर घुसे लोग शराब के नशे में थे और उन्होंने घर में सो रहे लोगों के बिस्तर और पलंग उठाकर फेंकना शुरू कर दिया, जब रानू बाई और उनके परिवार ने विरोध किया और उनकी पहचान पूछी तो उन्होंने महिलाओं को गालियां दी। रानू बाई और उनकी देवरानी उषा को कथित तौर पर थप्पड़ भी मारे गए। चिल्ला चोट सुनकर आस पड़ोस के दयाराम डुडवे और अमरसिंह सहित अन्य लोग एकत्रित हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी भाग गए।

### अन्य घरों में भी हुई घटना

सुबह ग्राम पीथापुरा की महिला रानू बाई को गांव की मीरा बाई पति राघासिंह बारेला ने बताया कि रात को वन विभाग के कर्मचारी उनके घर में भी घुसे थे, सामान बिखेर दिया था और उनके साथ भी गाली गलौज की थी। गांव के दयाराम डुडवे ने बाद में पुष्टि की कि उनके और मीरा बाई के घर में घुसने वाले लोग विजय वर्मा, फैजल बनी नाकेदार और छगन भिलाला डिप्टी साहब थे। ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद पीड़ित परिवार ने सिद्दीकगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

# नपा ने नदी किनारे कुंओं, बावड़ियों पर चस्पा किए चेतावनी नोटिस

## सीएमओ ने पार्वती नदी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका ने पानी की चोरी रोकने की ठान ली है। इसी के चलते सर्चिंग की बागडौर नपा सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने अपने हाथ में ली। श्री प्रजापति ने बताया कि पार्वती नदी में संग्रहित जल आष्टा नगरवासियों के लिए सुरक्षित रह सकें इसके लिए नपा की सर्चिंग टीम निगरानी रख रही है। साथ ही अवैध रूप से पानी की चोरी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए विद्युत जल मोटर सहित अर्थदंड से दंडित करने की भी कार्यवाही की जा रही है। जप्त मोटरों को राजसात भी किया जाएगा।

### गांव में होगी मुनादी

मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री प्रजापति ने बताया कि पार्वती नदी से सटे व किनारों पर बसे ग्रामों में नपा द्वारा मुनादी कराई जाएगी और मुनादी के माध्यम से ग्रामीणजनों से अपील की जाएगी कि नदी में अवैध रूप से विद्युत जल मोटर डालकर पानी की चोरी नही करें, अगर पानी की चोरी करते पाए गए तो नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### जल स्त्रोतों के समीप चस्पा किए नोटिस

सीएमओ प्रजापति के नेतृत्व में किए गए सर्चिंग कार्य के दौरान नदी के किनारों पर ग्रामीणजनों के कुओं, तालाबों के समीप चेतावनी नोटिस भी चस्पा किए। ग्रामीणजनों द्वारा अवैध रूप से जल मोटर डालकर पानी चोरी के साथ-साथ पार्वती नदी से सटाकर एक कच्चा नाला बना लिया गया था, जिसके माध्यम से पानी की चोरी की जा रही थी। उक्त नाले को भी बंद कराया गया। सर्चिंग कार्य में सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति के साथ दरोगा राजेश घेंघट, पंप अटेंडेंट कैलाश बागवान, रमेश यादव, राकेश बागवान, अजय नाथ, कपिल वर्मा, श्याम यादव आदि शामिल थे।

### नपाकर्मियों ने अभियान चलाकर पकड़े 8 खूंखार श्वान

**आष्टा।** शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने एवं नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति द्वारा नगर में आवारा श्वानों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि आए दिन नगर में श्वानों की उत्दंडता देखने को मिल रही थी, साथ ही नागरिकों द्वारा शिकायते भी की जा रही थी। वहीं छोटे बच्चों व आम नागरिकों को श्वानों के काटने से घायल भी होना पड़ता था। इन सभी को ध्यान में रखते हुए एवं शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का पालन कर नगर में आवारा विचरण करने वाले श्वानों की बढ़ती समस्या को नियंत्रित करने के लिए आजसे यह अभियान प्रारंभ किया है जो लगातार जारी रहेगा। आज प्रारंभ किए गए अभियान में लगभग 8 खूंखार श्वानों को पकड़ा गया है, जिन्हें नगर से दुरस्थ छोड़ा गया। इस अभियान से आवारा कुत्तों के काटने और रेबीज फैलने के जोखिम से कुछ हद तक निजात मिलेगी।




## नल जल योजना चार साल से पड़ी अधूरी, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर जल मिशन योजना के तहत हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना था, ताकि पानी के लिए लोगों को कई किलोमीटर जाना ना पड़े। जल मिशन योजना के तहत क्षेत्र के कई गांव में नल जल योजना का कार्य प्रारंभ हुआ था। लेकिन 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी योजना अधुरी पड़ी हुई है। कई गांव में पाइप लाइन अधूरी पड़ी है। कई गांव में ठेकेदार द्वारा खोदी गई पाइपलाइन से पूरे गांव के रोड खराब हो गए हैं। जिस पर लोगों का चलना भी मुश्किल है। कई गांव में पानी की टंकी बनाई गई है, जो शोपीस के रूप में खड़ी है। ग्रामीणों को 1 किलोमीटर दूर खेत, कुआं, ट्यूबवेल से साइकिल मोटरसाइकिल से पानी लाना पड़ रहा है।



जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीण जन पानी के लिए तरस रहे हैं। वही पूर्व कलेक्टर ने अधिकारियों को नल जल योजना का अधूरा कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे, लेकिन आज तक कोई अधिकारी गांव की तरफ नहीं आया। ग्रामीणों की मांग है कि जल्दी से जल्दी नल जल योजना का कार्य पूर्ण करवाया जाए। जिससे लोगों को पीने के लिए पानी मिल सके। खाचरोद, सिंगार चोरी, रोलागांव, जसुपुरा, उदयपुर, रामपुरा कला, आवलीखेडा, किलौद ऐसे कई गांवो मैं नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा गांव की जनता को उठाना पड़ रहा है।

## युवा मोर्चा के पदाधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

# पदभार ग्रहण करने भोपाल जा रहे प्रदेशाध्यक्ष श्याम को बधाई दी





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का शाजापुर से भोपाल पदभार ग्रहण करने जाते वक्त आष्टा पहुंचने पर बायपास चौपाटी पर भारतीय जनता युवा मोर्चे के नेता कमलेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया।

प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के साथ जैसे ही वाहनों के काफिले के साथ चौपाटी पहुंचे ढोल ढमाके, आतिशबाजी, जेसीबी क्रेन से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश युवा मोर्चे के अध्यक्ष श्याम टेलर व विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संबोधित किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में भरपूर उत्साह दिखा। इस अवसर पर भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, पार्षद, युवा मोर्चे के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे। प्रदेश अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने युवा नेता कमलेश विश्वकर्मा व गगन खत्री के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा मोर्चे के कार्यकर्ता भोपाल भी पहुचे ओर पदभार कार्यक्रम में शामिल हुए ।

### युवा मोर्चा जिला महामंत्री के नेतृत्व में किया स्वागत किया

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का पटारिया टोल पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री महेंद्र ठाकर धाम बापचा ने स्वागत किया। 101 वाहनों के काफिले के साथ युवा मोर्चा जिला महामंत्री महंद्र ठाकुर धाम बापचा पटारिया टोल पर अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। यहा पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर व युमो जिलाध्यक्ष भपेंद्र पाटीदार की उपस्थिति में भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जावर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विजेंद्रसिंह ठाकुर, सिद्धीगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया, मैना मंडल अध्यक्ष सनील आर्य, डोड़ी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकर, आष्टा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, भाजपा नेता धमेंद्र पहलवान मेहतवाड़ा, सेमलाबारी सरपंच धर्मेंद्र सिंह मालवीय, चरण ठाकर, बलवीर ठाकर सहत बड़ा संख्या भाजपा एवं युवा मोचा के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण मौजद थें।

# उमंग कार्यक्रम के तहत स्कूल में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय में 12 दिसम्बर को खेल विभाग द्वारा उमंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. दीपराज बागरी व उनकी टीम का स्वागत तुलसी का पौधा भेंट कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, स्टाफ तथा पूर्व छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मंच संचालन भीमसेन मालवीय द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की, विशेषकर महिलाओं से जुड़े स्वास्थ्य मुद्दों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु परामर्श भी दिया गया। प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने अस्पताल की पूरी टीम का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ टीम से अपने प्रश्न पूछे जिनके संतोषजनक उत्तर उन्हें प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा अस्पताल की ओर से आत्माराम गोयल, देवकरण मालवीय, राहुल मालवीय, पद्युम्न वैद्य एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।